**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1355**

**(11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**तेलंगाना में पीएमएवाई जी के अंतर्गत परिवार**

**1355. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत तेलंगाना में स्वीकृत और निर्मित घरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में तेलंगाना के लिए पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आबंटित निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त राज्य में इस योजना के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों की जिलावार कुल संख्या क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी)**

(क) से (ग): तेलंगाना राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 के लिए 70,674 आवासों का लक्ष्य आवंटित किया गया था और इस योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्त वर्ष 2016-17 के लक्ष्यों की तुलना में केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त के रूप में 190.79 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की गई थी। यद्यपि, तेलंगाना राज्य ने पीएमएवाई-जी योजना को लागू नहीं किया और भारत सरकार को 190.79 करोड़ रुपये की राशि वापस कर दी है। अत: पिछले तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना के लिए पीएमएवाई-जी के अंतर्गत कोई निधि आवंटित नहीं की गई है। इसके अलावा, राज्य ने जनवरी 2018 से मार्च 2019 के दौरान आवास+ 2018 सर्वेक्षण नहीं करवाया था और इसलिए राज्य में पीएमएवाई-जी के तहत पात्र परिवारों की पहचान नहीं की जा सकी। इस

प्रकार, वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य को कोई लक्ष्य आवंटित नहीं किया जा सका।

तथापि, तेलंगाना सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य में पीएमएवाई-जी को लागू करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। वर्तमान में यह मंत्रालय राज्य में चेहरा आधारित प्रमाणीकरण का उपयोग करके पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान करने के लिए आवास+2024 सर्वेक्षण आयोजित करने में राज्य को सुविधा प्रदान कर रहा है।

****